प्रेस नोट, जालौन पुलिस
दिनांक – 21.11.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना कोटरा पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे के अन्दर हत्या की घटना का सफल अनावरण कर वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कृपया अवगत कराना है कि दिनांक 20.11.2024 वादी तौफीक पुत्र मुन्ना उर्फ साबिर ग्राम सैदनगर थाना कोटरा जनपद जालौन द्वारा थाना कोटरा में तहरीरी सूचना दी गयी कि मेरे पिता मुन्ना उर्फ साबिर पुत्र नासिर उम्र करीब 40 वर्ष ग्राम सैदनगर थाना कोटरा जनपद जालौन दिनांक 19.11.2024 समय करीब 19:00 बजे घर से गांव में गये थे उसके बाद रात्रि समय करीब 20.30 बजे गांव के राजपूत धीमर व मिंटू धीमर ने मेरे पिता को अपने घर बुलाया था। दिनांक 20.11.2024 की रात्रि समय करीब 01.30 बजे पता चला कि मेरे पिता मिन्टू धीमर के घर के सामने खंडर में मृत अवस्था में पडे हैं।

वादी तौफीक (मृतक का पुत्र) की तहरीर के आधार पर थाना कोटरा में मु0अ0सं0- 73/2024 धारा – 103(1)/238(a) बीएनएस बनाम 1. राजपूत धीमर पुत्र बलराम 2. मिन्टू पुत्र मूलचन्द्र धीमर नि0गण ग्राम सैदनगर थाना कोटरा जनपद जालौन पंजीकृत किया गया। घटना के सफल अनावरण एवं वांछित अभियुक्तगण की गिरफतारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में थाना कोटरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान घटना में वांछित अभियुक्तगणो को मुखबिर की सूचना पर ग्राम करथरा तिराहे के पास मंदिर के चबुतरे से अभियुक्तगण 1. राजपूत धीमर पुत्र बलराम 2. मिन्टू पुत्र मूलचन्द्र धीमर नि0गण ग्राम सैदनगर थाना कोटरा जनपद जालौन को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण की निशादेही पर आलाकत्ल एक अदद डण्डा बरामद कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूँछतांछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि साहब हम लोगो ने मुन्ना उर्फ साबिर को मछली खाने के लिए अपने (राजपूत धीमर) घर पर बुलाया था। मेरे राजपूत धीमर के घर पर हम तीनो शराब पी रहे थे तभी शराब के नशे में मुन्ना उर्फ साबिर ने राजपूत धीमर को गालिया देने लगा तभी राजपूत धीमर ने मुन्ना के दो थप्पड़ मार दिया तभी मुन्ना ने राजपूत के लात मारी हम लोगो को गुस्सा आ गया और मैने (मिन्टू) साबिर के दोनो पैर पकड़ लिये तथा चूल्हे के पास रखे एक डण्डे से राजपूत ने साबिर के सर पर मार दिया जिससे साबिर की मृत्यु हो गयी। तब हम दोनो ने मुन्ना उर्फ साबिर को घसीटते हुए राजपूत के घर के सामने स्थित पप्पू के मकान के बगल मे बने खण्डहर मे डाल दिया। साबिर उर्फ मुन्ना हम लोगो का दोस्त था। उस दिन आवेश मे आकर शराब के नशे में हम लोगो से गलती हो गयी।

अभियक्तगण का विवरण-

1. राजपूत धीमर पुत्र बलराम नि0 ग्राम सैदनगर थाना कोटरा जनपद जालौन
2. मिन्टू पुत्र मूलचन्द्र धीमर नि0 ग्राम सैदनगर थाना कोटरा जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद आलाकत्ल डण्डा

पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कोटरा मय पुलिस टीम
2. प्रभारी एसओजी/सर्विलांस मय टीम